<u>समाचार</u>

# होम आईसोलेशन समन्वय हेतु निगम में नियंत्रण कक्ष स्थापित
# (दो शिफ्ट में की गई कर्मचारियों की तैनाती)

कोरबा 08 सितम्बर 2020 –कोरोना पाजिटिव पाए गए बिना लक्षण मरीज को होम आईसोलेशन के संबंध में आवश्यक समन्वय कार्य हेतु नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष क्रमांक 07759–226672 है। आयुक्त श्री एस. जयवर्धन के अनुमोदन से अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने तदाशय का आदेश जारी कर नियंत्रण कक्ष में 02 शिफ्ट में कर्मचारियों की तैनाती की है।

कोविड–19 कोरोना वायरस के संक्रमण को नियंत्रण रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम कोरबा कार्यालय में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस नियंत्रण कक्ष में जिला नियंत्रण कक्ष से कोरोना पाजिटिव पाए गए बिना लक्षण वाले मरीज को होम आईसोलेशन हेतु प्राप्त सूची इस नियंत्रण कक्ष द्वारा तत्काल दिए गए पते अनुसार संबंधित जोन कमिश्नर/उप जोन प्रभारी को सूचित किया जाएगा। संबंधित जोन कमिश्नर सूची के पते पर बिना लक्षण वाले होम आईसोलेशन वाले व्यक्ति के निवास का निरीक्षण करेंगे तथा यह देखेंगे कि संबंधित के आवास में हवादार कमरा व पृथक बाथरूम सहित अन्य मापदण्डों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं हैं। सभी मापदण्ड पूर्ण पाए जाने पर वे अपनी अनुशंसा सहित जिला स्तरीय समिति को भेजेंगे। होम आईसोलेशन में रहने वाले व्यक्ति तथा उसके परिवार की सतत निगरानी की जाएगी, होम आईसोलेट व्यक्ति एवं परिवार के सदस्य घर से बाहर नहीं जाएंगे और न ही बाहर का कोई व्यक्ति उनके घर आएगा। नियमित निगरानी के दौरान आईसोलेट व्यक्ति को यदि स्वास्थ्य संबंधित कोई समस्या आती है तो उसके इलाज की व्यवस्था जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाएगी। अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने आदेश जारी कर उक्त नियंत्रण कक्ष हेतु 02 शिफ्ट में कर्मचारियों की तैनाती की है। जारी आदेश के अनुसार प्रातः 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक सहायक ग्रेड–3 अरविंद सिंह मोबाईल नम्बर 78695–44677, सहायक ग्रेड–3 भूपेन्द्र सिंह पैकरा मोबाईल नम्बर 96443–89393 तथा दोपहर 02 बजे से रात्रि 11 बजे तक के लिए सहायक ग्रेड–3 खलील खान मोबा.नं 98655–78124 एवं सहायक ग्रेड–3 सरसकुमार देवांगन मोबा.नं. 74157–01052 की तैनाती की गई है।